हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, रविवार 12 मई 2024
सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

# चिंतनीय: अवसाद व तनाव भरा जीवन, जिले में बढ़े सुसाइड केसेस

## विपरीत हालातों का सामना करने के बजाय आत्मघाती कदम उठा रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

अवसाद व तनाव जीवन में इतना बढ़ गया है कि हालातों का सामना करने के बजाए लोग आत्मघाती कदम उठा रहे हैं। पिछले 30-40 दिनों में आत्महत्या करने वालों के आंकड़े बीमारी या सड़क हादसे से भी ज्यादा है। आश्चर्य तब होता है, जब छोटी उम्र के बच्चों के आत्महत्या की खबर आती है, जो अब समाज के लिए चिंता का विषय बन गया है। भागम भाग भरे जीवन में बढ़ रहा तनाव वर्तमान में लोग प्रतिस्पर्धा में लग गये हैं जिससे लोग एक ही समय पर कई काम करना चाहते हैं। लेकिन ऐसा नहीं हो पाता है।

इसके अलावा लोग मानसिक अवसाद से ग्रस्त हो रहे हैं। जिससे लोगो में चिड़चिड़ापन व अवसाद आ रहा है। कम उम्र में ही नशे का आदी होने के अलावा लव अफेयर्स, एग्जाम, कॅरियर, पढ़ाई के दबाव में युवा एवं किशोर भी आत्महत्या की ओर अग्रसर हो रहे हैं। पहले लोग संयुक्त परिवार में रहते थे। अब एकल परिवारों के कारण भी ऐसी स्थिति निर्मित हो रही है। आंकड़ों के मुताबिक जिले में हर वर्ष औसत 225 अधिक लोग आत्महत्या कर रहे हैं। अप्रैल माह में ही कुल 19 लोगों ने खुदकुशी की और इस माह अभी तक 9 लोग कर चुके हैं।

### कम समय में परिणाम नहीं, नतीजा तनाव

भागम भाग की दुनिया में हर कोई आगे आना चाहता है। पैसा कमाने के साथ ही दूसरे की देखादेखी ठाठ से रहना चाहता है। अच्छी लाइफ जीना चाहता है। लेकिन, कम समय में बेहतर परिणाम नहीं मिल सकता, जिससे लोगो में तनाव आ जाता है और वे आत्महत्या करने की कोशिश करते हैं। ऐसे लोगों प्रदेश के कई अस्पतालों में काउंसिलिंग कराया जाता है, जिसे गेट कीपर टू प्रिविलेंस सुसाइड कहते हैं। ऐसे में उक्त व्यक्ति का नाम गोपनीय रखा भी जाता है।



### महीने की शुरूवात में चार आत्महत्या

मई महीने के पहले दिन जिले में कुल चार लोगों ने खुदकुशी की। इसमें पटेवा थाना के कछारडीह निवासी सुनोतिन बाई यादव (46) ने जहर, बागबाहरा के कल्याणपुर के ओमप्रकाश ठाकुर (20) ने फांसी, सरायपाली के चंद्रकुमार चंद्रा (40) ने फांसी और कोमाखान थाना के टोंगोपानी निवासी चंद्रहास ठाकुर (18) ने जहर सेवन कर आत्महत्या किया। इसी प्रकार दो तारीख को सरायपाली के सीताराम चौहान और बागबाहरा के संतोष कुमार दीवान ने फांसी लगा ली।

## खबर संक्षेप



### युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**महासमुंद।** बागबाहरा थाना क्षेत्र के ग्राम डोंगरगांव के युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 10 मई को सुबह करीब 11 बजे रूपनारायण साहू पिता कृपाराम साहू (23) निवासी डोंगरगांव ने अज्ञात कारणों से अपने घर पर फांसी लगा ली। घटना की सूचना मृतक के पिता कृपाराम साहू ने पुलिस को दी, जिस पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच विवेचना में लिया है।

### सरायपाली में पेट्रोल पंप से बाइक की चोरी

**महासमुंद।** पेट्रोल पंप से बाइक की चोरी का मामला सामने आया है। सरायपाली पुलिस ने बताया है कि प्रार्थी शंकर महांती पिता शेषदेव (40) निवासी वार्ड नं. 09 बैतारी ने अपने मोसा क्र सीजी -06 जीएच -9355 कीमत 20 हजार रुपए को किंग ऑटो केयर पेट्रोल पंप महलपारा से किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लेने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले में अज्ञात चोर पर अपराध कायम कर जांच विवेचना में लिया है।

### बाइक की ठोकर से घायल हुए शख्स की मौत

**महासमुंद।** सिंघोड़ा थाना क्षेत्र के पलसाभाड़ी रोड पानी टंकी के पास पैदल चल रहे खगेश मिरी को बाइक चालक ने लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए ठोकर मार दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसे शासकीय अस्पताल सरायपाली ले जाया गया, डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामले में बाइक क्रमांक सीजी-06 पी -8200 का चालक के खिलाफ धारा 304 ए के तहत अपराध कायम किया गया है।

**मरम्मत :** वर्षों से पानी, हवा के संपर्क में रहने से गेट खराब

# निर्माण के बाद पहली बार बदले जाएंगे कोडार जलाशय के गेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- कोडार बनने के बाद पहली दफा कलपुर्जो आदि की भी होगी रिपेयरिंग

कोडार जलाशय के निर्माण के बाद पहली बार बड़े पैमाने पर इसका रिपेयर किया जाएगा। जिले की सबसे बड़ी सिंचाई परियोजना कोडार जलाशय के तीनों गेट अब 44 साल बाद बदले जाएंगे। साथ ही यहां लगे रबर गेटर तथा कल पुर्जों को भी दुरूस्त किया जाएगा। इसके लिये लाइट मशीनरी विभाग कोडार को 99 लाख रूपए की स्वीकृति मिल चुकी है। संभवतः आचार संहिता के बाद गेट को बदलने की कवायद प्रारंभ हो जाएगी।



बता दें कि जिले का मेजर प्रोजेक्ट कोडार जलाशय का निर्माण सन 1976 में शुरू हुआ था। जो 1981-82 में बनकर तैयार हुआ था। इतने साल बीतने के दौरान पानी और हवा के संपर्क में रहने की वजह से इन लौह गेटों में जंक लगने की वजह से यह अब जर्जर हो चुके हैं। वहीं, गेट को सपोर्ट करने वाले रबर गेटर घीस चुके हैं। जिसके वजह से गेटों के अगल-बगल से पानी सीपेज होता रहता है।

नया गेट लगाए जाने के बाद 7 फीसदी तक जल जो व्यर्थ बह जाता है, उसे रोका जा सकेगा। मिली जानकारी के अनुसार किसी भी जलाशय में लगाये जाने वाले हाइड्रोलिक गेट का अवसान अवधि 35 से 40 वर्ष के बीच होती है। लेकिन, कोडार के गेट को 44 सालों से अधिक समय हो चुका है, जिसे बदला जाना जरूरी हो गया है। इसके लिये कोडार में जल स्तर निम्न रहने के दौरान ही गेट को बदला जा सकेगा।

### 53,479 एकड़ होता है सिंचित

सिंचाई विभाग के मानचित्र कार एमएल ध्रुव से मिली जानकारी के अनुसार कोडार में कुल 3 गेट हैं। एलबीसी में 2 गेट तथा आरबीसी में 1 गेट है। कोडार जलाशय की कुल भराव क्षमता 5662 मिलीयन क्यूसेक फीट है। आरबीसी केनाल से जहां 235 क्यूसेक पानी छोड़ा जाता है। वहीं, एलबीसी से 442 क्यूसेक पानी छोड़ा जाता है। कोडार का 61469 एकड़ कमांड एरिया है। इनमें से 53671 एकड़ की सिंचाई हो पाती है।

### आचार संहिता के बाद शुरू

लाईट मशीनरी विभाग के इंजीनियर विजय वाहने ने बताया कि फिलहाल भीषण गर्मी को देखते हुए सिंचाई विभाग द्वारा निस्तारी के लिए कोडार से पानी छोड़ा जा रहा है। गेटों को बदलने के लिये हमें 8 माह का समय मिला है। लेकिन, टेंडर आदि की प्रक्रिया में समय ज्यादा भी लग सकता है। इसके लिए कुल 99 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृत मिली है। आचार संहिता के समाप्त होते ही काम शुरू होने की उम्मीद है।

# जाड़ामुड़ा धान खरीदी मामले में और लोगों के नाम दर्ज होंगे एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- जाड़ामुड़ा धान खरीदी में फर्जीवाड़ा मामले में बसना पुलिस ने जांच के बाद की कार्रवाई

जाड़ामुड़ा धान खरीदी केंद्र में हुए फर्जीवाड़ा मामले में जल्द और लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज होंगे। मामले में फर्जीवाड़ा के चलते पहले ही समिति प्रबंधक उमेश भोई, दो ऑपरेटर मनीष प्रधान, मनोज प्रधान और एक किसान राम प्रसाद के खिलाफ बसना थाने में जुर्म दर्ज किया जा चुका है। बता दें कि जाड़ामुड़ा धान खरीदी में तकरीबन 2 करोड़ रुपए का फर्जीवाड़ा किया गया।

बसना थाना प्रभारी शंशाक पौराणिक ने बताया कि कलेक्टर ने मामले की गंभीरता को देखते हुए 19 फरवरी को धान खरीदी के प्रभारी उमेश भोई और किसान राम प्रसाद बरीहा के खिलाफ एफआईआर के आदेश दिए गए जिसके बाद बसना थाना में एफआईआर दर्ज हुआ और 5 सदस्य टीम गठित की गई थी। जिसके बाद मामले में जांच अधिकारियों के जांच प्रतिवेदन के बाद फर्जीवाड़े में शामिल 10 अन्य लोगों के नाम इस मामले में सामने आए हैं जिनके खिलाफ समाचार लिखे जाने तक जुर्म दर्ज नही किया था, लेकिन जल्द ही नाम जोड़े जाने की बात कही जा रही है।



उमेश की याचिका हाईकोर्ट से खारिज, नहीं मिली अग्रिम जमानत

जाड़ामुड़ा धान खरीदी केंद्र प्रबंधक उमेश कुमार भोई बीते तीन माह से फरार है। कोर्ट ने उनकी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज कर दिया। बता दें कि जाड़ामुड़ा धान खरीदी केंद्र में इस वर्ष फर्जी तरीके से किसानों का रकबा बढ़ाकर धान की खरीदी की गई है। जिससे शासन को करीब 2 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। डिप्टी कलेक्टर टीम के द्वारा इस पूरे मामले की जांच की गई जिसमें समिति प्रबंधक उमेश भोई दोषी पाया गया। इसके बाद बसना थाना में जुर्म दर्ज किया गया। उमेश भोई के विरुद्ध अलग अलग दो मामलों में भादवि अपराध क्रमांक 56/2024 की धारा 420, 467, 568, 471 , 120 बी,34 अपराध दर्ज है।

### 11 खरीदी केंद्रों में 34 करोड़ के फर्जीवाड़ा आ चुका है सामने

जिले में सन 2013 से 2016 तक धान खरीदी केन्द्रों में करीब 34 करोड़ रुपए से भी अधिक का फर्जीवाड़ा उजागर हुआ है, वहीं 11 धान खरीदी केंद्रों में हुए इस बड़े घोटाले में विभाग ने करीब 46 लोगों पर एफआईआर दर्ज कराया जा चुका है। इन समितियों से सरकार हर साल नवंबर से समर्थन मूल्य पर किसानों का धान खरीदती है।

### मामले में जांच जारी

मामले में जांच टीम के एक अधिकारी ने बताया कि इस मामले में बहुत जल्द और लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया जायेगा ताकि इस तरह के भ्रष्टाचार, धोखाधड़ी एवं गबन करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई हो सके। उमेश भोई के घर, उनके रिश्तेदारों के यहां तीन तीन बार पुलिस टीम जा चुकी है। इस संबंध में तहसील कार्यालय पिथौरा से जानकारी हेतु प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया है परन्तु जानकारी नहीं मिल पाई है।

# भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

स्थानीय बीटीआई रोड स्थित भरत लीला मेंशन में श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का शुभारंभ 12 मई को भव्य कलश यात्रा के साथ किया जाएगा। साथ ही श्रीगणेश पूजन, पितेश्वर पूजन, गौकरण कथा का वाचन आचार्य नरेंद्र नयन शास्त्री (चाय वाले बाबा) सिलयारी धाम छग के मुखारविंद से होगा।

उक्त भक्तिमय आयोजन लीलादेवी चंद्राकर, आलोक चंद्राकर- सुष्मिता चंद्राकर परिवार द्वारा किया जा रहा है। साथ ही प्रतिदिन कथा का समय दोपहर 3 बजे रखा गया है। इस अवसर पर प्रथम दिवस के कार्यक्रम पश्चात 13 मई को श्रीमद् भागवत कथा आरंभ व परीक्षित जन्म, 14 को कपिल देव कथा, ध्रुव चरित्र, जड़ भरत कथा, 15 को प्रहलाद चरित्र, समुद्र मंथन एवं वामन अवतार, 16 को कृष्ण जन्मोत्सव, 17 को कृष्ण लीला, गोवर्धन उत्सव, एवं छप्पन भोग, 18 को बैकुंठ दर्शन, राम पंचाध्यायी, कंस वध एवं रूक्मिणी विवाह कथा प्रसंग, 19 को द्वारिका दर्शन, सुदामा चरित्र, श्रीकृष्ण उद्धव संवाद एवं श्रीमद् भागवत कथा का समापन, फूलों की होली तथा अंतिम दिवस 20 को गीता, तुलसी वर्षा हवन के बाद भक्तों के लिए भंडारा का आयोजन भी किया गया है। आयोजकों ने भक्तों से कथा श्रवण करने का अनुरोध किया है।




# नवागांव रेलवे अंडरब्रिज में जल जमाव से राहत दिलाने संपवेल का सुझाया विकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागबाहरा

- पहल : पाणिग्राही ने रेल अधिकारियों से की चर्चा, निरीक्षण के लिए आएंगे अफसर

रेलवे द्वारा मानव रहित एवं मानवयुक्त एलसी गेट को बंद कर रेलवे की गति को निर्बाध रखने अनेक स्थानों पर अंडरब्रिज जिसे रेलवे की भाषा में एलएचएस बोलते हैं बनाए गए हैं। जिसका स्वागत है। किंतु, अनेक स्थानों में यह अत्यंत ही परेशानी का कारण भी साबित हो रहा है। बारिश के दिनों में जन जीवन ठहर सा जाता है। इनमें से एक बागबाहरा रेलवे स्टेशन में खरियार रोड की ओर नवागांव के पास बना एलएचएस नंबर आरवी 54 बारिश के 3 माह के दौरान रास्ता पूरी तरह बंद हो जाता है। एलएचएस में 3 से 4 फीट पानी भरा रहता है। नवागांव सहित 8, 10 गांव बुरी तरह प्रभावित रहते हैं। बच्चों का स्कूल जाना, अस्पताल, बाजार, किसानों को खेत आना जाना, पशुधन को चरने, श्रमिकों को रोजी रोटी के लिए जाना सब कुछ बंद हो जाता है। जीवन अस्त व्यस्त हो जाता है।



उपरोक्त उद्गार व्यक्त करते हुए डीआरयूसीसी मेंबर डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही ने कहा कि इस समस्या के निदान के लिए मैने अनेक बार डीआरयू सीसी की मीटिंग में रखा। जिस पर मोटर पंप कुछ घंटे लगाकर पानी बाहर पंपिंग करने का असफल प्रयास हर बार किया जाता है। अबकी बार संपवेल की योजना बनाई गई है, जिस पर अभी काम शुरू हो रहा है। यह भी समस्या का समाधान होगा, ऐसा नहीं लगाता। इस बीच डॉक्टर पाणिग्रही ने रेलवे अधिकारियों को एक विकल्प सुझाया है जो कम खर्चीला है तथा पहले की तरह पानी बहकर आगे निकल जाएगा। कुछ भूमि अधिग्रहण करना पड़ेगा। मैने किसान को भी राजी कर लिया है। रेलवे अधिकारियों को तकनीकी अध्ययन के लिए बुलाया है। रेलवे अधिकारी यदि तकनीकी दृष्टि से सही मानते हैं तथा उस पर क्रियान्वयन करते हैं तो पानी पहले की तरह बहकर खेतों में निकल जाएगा। अंडरब्रिज में जल जमाव नहीं होगा। संपवेल बन भी जाता है तो भी यदि खेत नाली वाले अतिरिक्त विकल्प की स्वीकृति मिलती है तो अधिक कारगर होगा।

# बाइक की ठोकर से लड़की घायल, अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

सांकरा थाना क्षेत्र के ग्राम भगतदेवरी स्थित सरस्वती शिशु मंदिर के पास सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवती घायल हो जाने की घटना सामने आया है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार ग्राम पेंड्रावन निवासी नंद कुमार साहू ने थाने मे शिकायत दर्ज कराया है कि 9 मई को दोपहर करीब 02 बजे उसकी भतीजी दिव्या साहू और गणेश सिदार मोटर सायकल से स्टेट बैंक पिथौरा से पैसे निकालकर पेंड्रावन लौट रहे थे । इसी दौरान ग्राम भगतदेवरी सरस्वती शिशु मंदिर के पास मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 जीटी 0426 के चालक ने अपने मोटर सायकल को तेज रफ्तार व लापरवाही पूर्वक चलाकर ठोकर मार दिया जिससे हादसे में दिव्या साहू के सिर में चोटें आई है तथा मोटर सायकल का वाइजर क्षतिग्रस्त हो गया है। घायल दिव्या साहू को प्राइवेट साधन से इलाज हेतु निजी अस्पताल बसना ले जाया गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भादवि की धारा 279, 337 के तहत अपराध कायम किया है।





## एचपी गैस ग्राहक के 45 हजार ई-केवाईसी पेंडिंग, एजेंसियों को 31 मई तक पूरा करने निर्देश

**बसना।** एचपी गैस ने अपने सभी ग्राहकों का आधार बेस्ड ईकेवायसी करने के लिए 31 मई 2024 तक का लक्ष्य रखा है। इस संबंध में सभी वितरकों को लक्षित समय सीमा के भीतर सब्सिडी का लाभ उठा रहे ग्राहकों का ईकेवायसी करवाने के संबंध में आखिरी निर्देश जारी किए गए हैं। शहर के गैस वितरकों ने बताया कि यह गतिविधि पिछले 5 महीने से लगातार चल रही हैं, इसलिए इसके लिए अंतिम तिथि की घोषणा कभी भी हो सकती है। वितरकों को 31 मई तक पूरा करने अंतिम आदेश जारी हुआ है, बचे हितग्राहियों को ई-केवाईसी पूरा करने का लक्ष्य दिया गया है।

## अग्र शिरोमणि संस्था के सदस्यों ने 12वीं की टॉपर महक को किया सम्मानित



**सरायपाली।** नगर की बेटी महक अग्रवाल द्वारा कक्षा बारहवीं की परीक्षा में पूरे छत्तीसगढ़ में प्रथम स्थान प्राप्त किए जाने पर नगर की अग्र शिरोमणि संस्था द्वारा निवास स्थल जाकर महक को अग्रसेन महाराज का मोमेंटो, स्टिकर व नगद राशि भेंटकर सम्मानित किया गया। इस दौरान संस्था के मनोज अग्रवाल, लक्ष्मी अग्रवाल, पवन अग्रवाल व कमल किशोर अग्रवाल ने कहा कि सरायपाली नगर व हमारे अग्र वंश को गौरवान्वित करने वाली महक अग्रवाल ने कक्षा 12वीं की परीक्षा में 97.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। महक ने अपनी इस शानदार उपलब्धि से सरायपाली नगर व अग्र वंश के मान व गौरव को पूरे प्रदेश स्तर पर बढ़ाया है। इस पर अग्र शिरोमणि संस्था सरायपाली द्वारा इस उपलब्धि के लिए हर्ष जताया है।

## मोबाइल से सट्टा खेल रहे युवक को पकड़ा

**महासमुंद।** सिटी कोतवाली पुलिस ने सुभाष नगर में अपने घर के सामने मोबाइल में अवैध रूप से सट्टा खिला रहे आरोपी साकेत साहू पिता ढेलूराम साहू (26) को पकड़ा है। उसके पास से नगदी रकम 1700 रुपए एवं 01 नग मोबाईल को जब्त कर धारा 7, 8 छग जुआ प्रतिषेध अधि. 2022 के तहत अपराध कायम किया गया है।

पाठक सूचना
महासमुंद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9981131365, 9098324969

आवश्यक सूचना
हरिभूमि
पाठक पुरस्कार योजना
के सम्माननीय विजेताओं से आग्रह है कि अपना उपहार हरिभूमि कार्यालय महासमुंद में संपर्क कर प्राप्त कर लेवें।
उपहार प्राप्त करने अपने आधार कार्ड की फोटोकापी, मासिक बिल और पावती ( ग्राहक प्रति), साथ में लावें।
उपहार प्राप्त करनें का समय
सुबह 11 से शाम 5 बजे तक
स्थान : हरिभूमि जिला कार्यालय
प्रीतम प्राईडे काम्प्लेक्स, महासमुंद (छ.ग.)
मो. 9098324969

## खबर संक्षेप

### सांकरा विद्यालय का परीक्षाफल उत्कृष्ट रहा

**सांकरा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सांकरा का परीक्षाफल उत्कृष्ट रहा। हायर सेकेण्डरी 12 वीं का परीक्षाफल 83.63 प्रतिशत रहा, जिसमें कुमारी श्वेता यादव (विज्ञान संकाय) ने 91.6 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय में प्रथम एवं जिले की मेरिट सूची में पांचवा स्थान पर रहीं। द्वितीय स्थान पर (कला संकाय)इशिका ध्रुव 82.2 प्रतिशत एवम तृतीय स्थान पर (विज्ञान संकाय) रूपाली साहू 80.6 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। हायर सेकंडरी परीक्षा में कुल 220 विद्यार्थियों प्रविष्ट हुए। इसमें से प्रथम 79,द्वितीय 93,तृतीय 12 इस तरह 184 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। कला संकाय से 87%,विज्ञान से 73.68%, वाणिज्य से 86%(जय किशन 76%)तथा कृषि से 92%(योगेश्वरी 79%) रहा। इसी प्रकार हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा (10 वी) से 176 विद्यार्थी प्रविष्ट हुए। प्रथम स्थान 37,द्वितीय स्थान 57, तृतीय स्थान 14 कुल 61.36%रहा। विद्यालय में प्रथम भूमिका साहू 89.33%, द्वितीय श्रद्धा 87.16% तथा तृतीय खेमेश्वरी 84% अंक अर्जित कर विद्यालय को गौरवान्वित किए। विद्यालय के प्राचार्य श्रीमती अनिभा अग्रवाल एवम समस्त स्टाफ ने बच्चों की इस सफलता पर हर्ष व्यक्त किया है।

### बोर्ड परीक्षा में आत्मानंद स्कूल के नतीजे बेहतर

**कांकेर।** स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय पटौद का 10 वीं एवं 12वीं का परीक्षा परिणाम पिछले वर्ष की तुलना में बेहतर रहा। कक्षा 10 वीं में 66 परीक्षार्थियों में 61 छात्र उत्तीर्ण, 03 पूरक, 02 छात्र अनुत्तीर्ण हुए, परिणाम 92 प्रतिशत रहा। कक्षा दसवीं में खनक सलाम 88 प्रतिशत, लिसा सलाम 84 प्रतिशत एवं इशिका वर्मा ने 82 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। कॉमर्स संकाय एवं विज्ञानं संकाय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा एवं कला संकाय का परीक्षा परिणाम 96 प्रतिशत रहा। कक्षा 12वीं में प्रथम स्थान पर शिवम नेताम 87.6 प्रतिशत कला संकाय, गीतांजली साहू 85 प्रतिशत विज्ञानं संकाय, सिमरन साहू 82 प्रतिशत विज्ञानं संकाय, सूर्यकान्त 81 प्रतिशत, शालिनी दर्रो ने 80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरान्वित किया। संस्था के प्राचार्य डीएस निषाद एवं ग्राम पटौद के उप सरपंच ऋषि कुमार साहू ने शुभकामनाएं दी।

### जेपरा के छात्रों का बोर्ड परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन

**लखनपुरी।** जेपरा के हायर सेकंडरी विद्यालय के छात्रों ने माध्यमिक शिक्षा मंडल की 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। दसवीं में प्रथम माही तिवारी, द्वितीय माही नेताम, तृतीय भिवेश जुर्री रहे। 12वीं में रोमा पटेल, अभय निषाद, दिव्या निषाद, सोनाली एवं खुशी मंडावी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर हरवंश सिंह मिरी, लखन रायस्त, गणेश कांगे, दीपक राय, नारद कांगे, वीके साहू, भूपेंद्र नागे, उमेश सोनवानी, गणेश तिवारी, हेमंत सिन्हा, विनोद ठाकुर, थानेश्वर सिन्हा, शशिकांत, हरीश सौंदर्य, छबि धनेलिया, रविशंकर नागे, जितेंद्र गंगासागर, वाकेश जैन, खेमराज गंगासागर, रामकुमार रायस्त, देवकुमार, राजू सिन्हा ने शुभकामनाएं दी।

### सनराइज पब्लिक स्कूल के शत प्रतिशत बच्चे उत्तीर्ण

**कांकेर।** सनराईज पब्लिक हाई स्कूल राजापारा कांकेर का कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा । परीक्षा परिणाम में कक्षा दसवीं से यश खोब्रागढ़े 92.33 प्रतिशत, काजल वर्मा 88.6 प्रतिशत, आयुष जैन 88.6 प्रतिशत एवं श्लोक नेताम, चिरंजीव कुंजाम व सभी छात्र प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए।

## निधन

### श्रीमती सोहद्रा बाई पटेल



**धमतरी।** सुभाष नगर वार्ड निवासी श्रीमती सोहद्रा बाई पटेल पति स्व. सेवक राम पटेल का निधन 11 मई को हो गया। वे लंबे समय से अस्वस्थ चल रही थीं। वे मुकेश पटेल तथा टिकेश्वर पटेल की मां थीं। उनका दाह संस्कार हटकेशर मुक्तिधाम में किया गया जिसमें वार्डवासी एवं सामाजिकजन शामिल हुए।

16 मई से सीहोर वाले प्रदीप मिश्रा की होगी कुरुद में कथा, कार्यक्रम को सफल बनाने विधायक चंद्राकर ने बांटी जिम्मेदारी

# शिव महापुराण कथा सुनने जुटेगी लाखों की भीड़



#### 17 विभाग बनाकर अलग-अलग टीमें गठित की

पूरे सात दिन किसी भी तरह के अव्यवस्थाओं से बचने के के लिए 17 विभाग बनाकर अलग अलग टीमें गठित कर प्रभारियों के रूप में संयोजक, सहसंयोजक सहित कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किए गए हैं। ताकि शिव महापुराण की कथा का भव्य आयोजन सुचारू रूप से संचालित हो सके। इसके अलावा चप्पे चप्पे पर पुलिस की तैनाती भी होगी। बनाए गए व्यवस्था में मंचीय दायित्व बंटी शर्मा, प्रकाश शर्मा, अरुण केला, पेयजल व्यवस्था में पंकज नायडू संयोजक, पूजन कार्य शेखर चन्द्राकर संयोजक, पंडाल खिलेंद्र संयोजक, सफाई मुकेश पवार, लाइट एवं साउंड कार्य रोशन ध्रुव संयोजक, आयोजन के सभी गेटो पंडाल व्यस्थापक मोहन अग्रवाल संयोजक वीआईपी एवं लोकेश्वर सिन्हा सह संयोजक, भोजन भंडारा व्यवस्था जितेन्द्र चन्द्राकर संयोजक, लोकेश्वर सिन्हा सह संयोजक, बसंत सिन्हा सह संयोजक, पप्पी चैनवानी सह संयोजक, गोविंद सदानी सह संयोजक, सूचना प्रभारी लोकेश्वर सिन्हा संयोजक, कंट्रोल रूम प्रभारी कृष्णकांत साहू संयोजक, कमलेश साहू सह संयोजक, प्रिंट तथा इलेक्ट्रानिक मीडिया मूलचंद सिन्हा संयोजक. यशवंत गंजीर सह संयोजक, सोशल मीडिया टीम कमलेश चंद्राकर संयोजक को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

#### प्रवेश के लिए बनेंगे कुल 6 गेट, 3 घण्टे होगी कथा

प्रदीप मिश्रा यहां रोजाना दोपहर 02 से शाम 05 बजे तक कथा सुनाएंगे। श्रद्धालुओं के लिए कुल 05 प्रवेश द्वार होंगे। एक अतिथियों के लिए रहेंगे। इसके एक दिन पूर्व 15 मई को नगर में शोभा यात्रा निकाली जायेगी। जिसके लिए अपने अपने घरों से महिलाओं को कलश सजाकर लाना है। जिसके संयोजक टकेश्वर चंद्राकर है। गेट क्रमांक 2 त्रिलोक चंद जैन संयोजक, सुनील चंद्राकर सह संयोजक, गेट 3 भोजराज चंद्राकर संयोजक, भारत भूषण पंचायन सह संयोजक, गेट 4 योगेन्द्र सिन्हा संयोजक, सह संयोजक कोमल साहू, गेट 5 मालक राम साहू संयोजक, टकेश्वर चंद्राकर संयोजक, कथा वाचक दीर्घा गेट भानु चंद्राकर संयोजक, रविकांत चंद्राकर सह संयोजक शामिल है। इसके अलावा उनके साथ टीम सदस्य भी होंगे।

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरुद

16 मई से कुरुद में होने वाले शिव महापुराण कथा के भव्य आयोजन की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को विधायक कार्यालय में विधायक अजय चंद्राकर ने बैठक ली। आयोजन को सफल बनाने 17 विभाग बनाकर अलग अलग टीमें गठित कर जिम्मेदारी सौंपी गई है।

उल्लेखनीय है कि शिव महापुराण के विश्व विख्यात कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के आगमन के साथ कथा स्थल से लेकर पार्किंग व्यवस्था सम्बंधी चर्चा किया गया। विधायक श्री चन्द्राकर ने कहा कि इस भव्य आयोजन में लाखों की संख्या में श्रोता श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ेगी, जिसकी कथा मंच, पूजन, स्वागत, बैठक, पेयजल, भोजन, वाहनों की पार्किंग, माइक, लाईट, पंडाल, कंट्रोल रूम, सूचना, सोशल मीडिया, प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, उद्घोषक, सहित विभिन्न व्यवस्था में किसी भी तरह से किसी को परेशानी एवं अव्यवस्था नही होनी चाहिए।

बैठक में प्रमुख रूप से निरंजन सिन्हा, भानु चन्द्राकर, ज्योति चन्द्राकर, भूपेंद्र चन्द्राकर, भारतभूषण पंचायन, कृष्णकांत साहू, अरुण केला, मोहन अग्रवाल, कमलेश चन्द्राकर, अयूब खान, इमरान बेग आदि उपस्थित थे।

# कोपेडीह में अवैध महुआ शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, 12 आरोपी गिरफ्तार







- 340 लीटर अवैध महुआ शराब व 50 क्विंटल लाहान मिला
- पुलिस व आबकारी विभाग की संयुक्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

अवैध महुआ शराब का गढ़ बन चुका ग्राम कोपेडीह में पुलिस व आबकारी की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई कर 12 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं 340 लीटर अवैध महुआ शराब व 50 क्विंटल लाहान बरामद किया है।

पुलिस के अनुसार ग्राम कोपेडीह में कच्ची महुआ शराब बनाकर बेचने की मिल रही शिकायत पर जिला पुलिस व आबकारी की अलग-अलग टीम बनाकर विशेष अभियान चलाकर रेड की कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई में दर्जन भर आरोपियों के खिलाफ 7 प्रकरण दर्ज कर कुल 340 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमत 68 हजार रूपये जब्त किया गया। वहीं बरामद लाखों रूपये के 50 क्विंटल महुआ लाहान व कच्ची महुआ शराब बनाने के सामानों को नष्ट किया गया। इस कार्रवाई में आरोपी कार्तिकराम बंजारे 42 वर्ष, दुकालू बंजारे 65 वर्ष, चन्द्रकुमार बंजारे 37 वर्ष, खिलेश्वर चन्देल 28 वर्ष, अनिता गायकवाड़ 32 वर्ष, मोहिनी बंजारे 26 वर्ष, जितेन्द्र बंजारे 26 वर्ष, उत्तम पटेल 60 वर्ष, कुमारी बाई चन्देल 33 वर्ष, दसरी बाई बंजारे 70 वर्ष सभी ग्राम कोपेडीह थाना भखारा निवासी तथा लोकेश्वर चंदेल 19 वर्ष ग्राम रनचिरई व हेमा चतुर्वेदी 38 वर्ष ग्राम जरवाय दोनों का वर्तमान निवास ग्राम कोपेडीह को धारा 34-2 आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेज दिया गया है। इस पूरी कार्रवाई में जिला पुलिस एवं आबकारी पुलिस की संयुक्त टीम सहित प्रशासन टीम की सराहनीय भूमिका रही है।

# आत्मानंद स्कूल में पीएमश्री नाम जोड़ना भूपेश की योजना की गारंटी पर है मुहर


- छत्तीसगढ़ शासन के स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने पार्षद ने की मांग

**धमतरी।** दसवीं बोर्ड एवं बारहवीं बोर्ड के परीक्षा परिणाम दो दिन पूर्व आने के बाद यह बात सिद्ध हो गई की राज्य भर में शैक्षणिक स्थितियों में सुधार लाने के लिए तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा स्वामी आत्मानंद जी जैसे महापुरुष के नाम पर स्कूल खोले जाने की सफलता परीक्षा के परिणाम से सामने आ गई है। जहां इस संस्थान के बच्चों ने प्रावीण्य सूची में स्थान बनाकर यह बता दिया कि उनका सुनहरे भविष्य को सजाने के लिए मुख्यमंत्री रहे भूपेश बघेल ने सार्थक योजना की शुरुआत की थी। लेकिन दुर्भाग्य जनक बात यह है कि वर्तमान में सरकार की बागडोर संभालने के बाद भारतीय जनता पार्टी के जिम्मेदार लोगों द्वारा इस स्कूल का नाम ही बदलकर उसके स्वरूप में अमूल चूल परिवर्तन करने की मनसा प्रदर्शित कर रही है। लेकिन बोर्ड के



परीक्षा परिणाम के बाद वे स्वयं इस बात को स्वीकार कर लिए की अब यहां संभव नहीं है इसलिए उन्होंने नाम को यथावत रखते हुए उसके सामने पीएमश्री जोड़ने की बात कही है जिस पर नगर निगम के प्रवक्ता पार्षद सोमेश मेश्राम द्वारा कहा गया है कि यदि सरकार को शिक्षा के क्षेत्र की इतनी ही चिंता है तो सरकारी स्कूलों पर चिंतन मनन करते हुए शैक्षणिक गतिविधियों में सुधार करें। विशेष कर ग्रामीण क्षेत्र के शासकीय स्कूलों को स्वामी आत्मानंद स्कूल को मॉडल बनाते हुए शिक्षा में विस्तार देकर बच्चों के उत्थान हेतु कार्य करें हालांकि विष्णु देव साय ने भारत की संस्कृति भारत की सभ्यता भारत के धर्म भारत के अध्यात्म के प्रतीक स्वामी आत्मानंद के नाम पर खुले स्कूल की सार्थकता को स्वीकार करते हुए नाम न बदलने की घोषणा कर अपनी गलती का एहसास स्वयं कर लिया है।

# धमतरी में चमक रही है सड़कें, भाजपा सरकार बनते ही विकास कार्य पुनः प्रारंभ



- कांग्रेस सरकार ने 5 साल में डामरीकरण सड़क पर मुरूम मिट्टी डाली है : विजय मोटवानी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

धमतरी शहर के मुख्य मार्ग श्यामतराई से संबलपुर तक पुनः मजबूती के साथ डामरीकरण कार्य किया गया है, जिससे सड़क चमचमाती हुई दिखाई दे रही है जिस पर पूर्व भाजयुमो जिला अध्यक्ष एवं आमापारा वार्ड के पार्षद विजय मोटवानी ने प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की विष्णुदेव साय की सरकार के प्रति कृतज्ञता व्यक्त किए और लोक निर्माण विभाग की तारीफ करते हुए कहा कि रायपुर जगदलपुर मार्ग में धमतरी शहर मुख्य शहरों में शुमार है।

पिछले विगत 5 वर्षों में कांग्रेस सरकार के दरमियान धमतरी की



सड़क गड्ढे में तब्दील हो चुके थे, जिसमें रिपेयरिंग के नाम से कभी मुरूम कभी मिट्टी तो कभी गिट्टी सीमेंट डालकर गड्ढे भरे जाते थे जिसके कारण धमतरी शहर धुलों का शहर बन चुका था। किंतु जैसे ही छत्तीसगढ़ प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी धमतरी की सड़क चमचमाती हुई नजर आ रही है। धमतरी की शहर की सड़क के नवीनीकरण हो जाने से जहां दुर्घटनाओं में कमी आई है तो वही मुख्य मार्ग पर धूल दिखाई नहीं दे रहे हैं। श्री मोटवानी ने आगे कहा कि पिछले 5 वर्षों में कांग्रेस की सरकार ने अनगिनत घोटाले किए हैं, जिसका उजागर हो रहा है।

प्रदेश की मूलभूत सुविधाओं को छोड़कर अपनी जेब भरने का काम कांग्रेस की सरकार ने किए थे, किंतु अब भाजपा की सरकार बन गई है और पुनः रुका हुआ विकास कार्य तीव्र गति से प्रारंभ हो गया है। छत्तीसगढ़ प्रदेश में जब-जब भाजपा की सरकार रही है सिर्फ विकास कार्य दिखाई दिया है।

# संजना ने लिखी सफलता की कहानी, 10वी में प्रथम

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

- स्वामी आत्मानंद स्कूल मगरलोड की छात्रा

गांव बेलरदोना की बेटी संजना सिन्हा ने अपने माता व विद्यालय की नाम रौशन किया है। दरअसल संजना सिन्हा स्वामी आत्मानंद गवर्नमेंट इंग्लिश मीडियम स्कूल भैसमुंडी मगरलोड कक्षा 10वी में अध्यानरत थी। जिन्होंने वार्षिक परीक्षा में अपने कक्षा में प्रथम स्थान 91.16% प्राप्त कर बुलंदियों को छुआ है। जिसके बाद पूरा विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है। तो वही संजना सिन्हा के घर पर पहुंचकर लोग मिठाई खिलाकर बधाईया दे रहे हैं। साथ ही सोशल मीडिया में भी नरेश सिन्हा सिन्हा समाज मंडलेश्वर मगरलोड, उर्मिला सिन्हा, सरस्वती



सिन्हा,सुनील सिन्हा, क्रांति लाल दीवान, निकेश सिन्हा, राकेश सिन्हा, मुरली सिन्हा, लोकेश सिन्हा,मुकेश सिन्हा, अभिषेक सिन्हा, भोज सिन्हा, रूखमणी सिन्हा, गायत्री साहू, जवाहर साहू, कृष्ण कुमार, मनोज साहू, राहुल सिन्हा,सूरज सिन्हा, अजय, खुशबू सिन्हा वासुदेव कोसरे, शैलेंद्र सिन्हा ने बच्ची को बधाई दी है।

# रिया सहित नन्हे बच्चों ने रचाया पुतरा-पुतरी का विवाह

**कुरुद।** ग्राम जोरातराई के बच्चों ने गुड्डा-गुड्डी, पुतरा-पुतरी का विवाह रचाने की परंपरा का निर्वहन काफी उत्साह के साथ किया गया। शुक्रवार की सुबह सर्वप्रथम पेपर व कलर पेन से बच्चों ने आकर्षक निमंत्रण शादी कार्ड बनाकर मोहल्ले में निमंत्रण भेज शामिल होने का आग्रह किया। कार्यक्रम में चूलमाटी, मेहंदी की रस्म अदा की गई। इसके बाद देवतला, चिकट, हरिद्रालेपन के साथ बारात का स्वागत किया गया। गुड्डा-गुड्डी का फेरा, टिकावन कराने के बाद एक साथ नाश्ता में मिक्चर सेव, गुलाब जामुन दिया



गया। भोजन देकर विदाई दी गई। इस तरह से अक्ती की खुशियां मनाई गई। जिसमें भावना साहू, प्रेरणा साहू, रिया साहू, हर्षिता साहू, कुमुद साहू, जोहन, सौरभ, ललित, भूपेंद्र आदि शामिल रहे।

# बरारी में तेंदुए की दहशत

- 4 से 5 वयस्क तेंदुआ कर रहे हैं विचरण

**धमतरी।** गंगरेल के समीप ग्राम बरारी कोटाभर्री में फिर से तेंदुआ की हलचल शुरु हो गई है। पालतू जानवर तथा कुत्तों को शिकार बनाने की घटना से क्षेत्र के ग्रामीणों में दहशत है। यहां 4 से 5 तेंदुआ होने की जानकारी मिल रही है। एक कोटाभर्री निवासी ने वनविभाग को पत्र लिखकर इसकी जानकारी दी है। स्थानीय निवासी जोहनसिंह यादव बताते हैं कि गर्मी में पानी की तलाश में तेंदुआ गंगरेल डैम के आसपास क्षेत्र में विचरण कर रहे हैं। दिन ढलते ही तेंदुआ गांव के आसपास मंडराते हैं। पूर्व से अब तक दर्जन भर कुत्ते तथा मुर्गियों का शिकार कर लिया है। उन्होंने बताया कि तेंदुआ बरारी कोटाभर्री के बगीचा तक पहुंचता है। इसकी संख्या बढ़ती जा रही है। वनविभाग को पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया है। सहायक वन क्षेत्र अधिकारी आरके तिवारी ने बताया कि जिस क्षेत्र में तेंदुआ आता है वहां घना झुरमुट है। जिससे उनका लोकेशन पता नहीं चल पाता। इसे पकड़ने के लिए राज्य स्तर पर अनुमति मिलने पर जाल लगाया जा सकता है। लोगों को सतर्क किया जा रहा है।

# जहर सेवन से वृद्ध की मौत

**धमतरी।** शारीरिक बीमारी से परेशान एक वृद्ध ने कीटनाशक दवाई का सेवन कर आत्महत्या कर लिया है। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार नगरी थाना क्षेत्र के ग्राम छिपली थाना नगरी निवासी मेहत्तर राम पिता मंगलराम उम्र 70 वर्ष बीते तीन वर्ष से बीमार चल रहा था। उसका यूरीन कहीं भी निकल जाता था जिससे वृद्ध परेशान था। गुरूवार की रात्रि सभी खाना खाकर अपने-अपने कमरे में सो गए थे। इसी दौरान वृद्ध ने घर में रखे कीटनाशक का सेवन कर लिया। देर रात्रि वृद्ध के उल्टियां करने से उसकी पत्नी को घटना की जानकारी हुई। वृद्ध को रात्रि में ही उपचार के लिए नगरी अस्पताल लाया गया।

अक्षय तृतीया के दिन विधि विधान से हुई समाज की कुलदेवी प्रतिष्ठित

# साहू समाज द्वारा नवनिर्मित माता कर्मा मंदिर में हुई प्राण प्रतिष्ठा


हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

नगर साहू समाज कुरूद द्वारा साहू समाज भवन कुरूद में समाज की कुलदेवी मां कर्मा की प्रतिमा का नवनिर्मित मंदिर में आचार्य पं. राकेश शर्मा के सानिध्य में अक्षय तृतीया के दिन विधि विधान से पूजा अर्चना कर प्राण प्रतिष्ठा व स्थापना किया गया। प्राण प्रतिष्ठा एवं मां कर्मा माता की स्थापना में सभी समाज के समाजिक बंधु सदस्यों व माता बहनों ने पहुच कर माता कर्मा का आशीर्वाद प्राप्त किया।

प्राण प्रतिष्ठा पूर्व नगर के अधिष्ठात्री देवी मां चंडी की पूजा अर्चना कर कलश यात्रा निकाली गई जो पुराना बाजार , कारगिल से होते हुये नगर भ्रमण कर केनाल रोड स्थित साहू समाज पहुंची। शोभायात्रा का विभिन्न समाज संगठन ने चौंक चौराहों पर स्वागत किया। प्राण प्रतिष्ठा समारोह के शुभ अवसर तहसील उपाध्यक्ष रमेश्वर साहू , नगर साहू समाज अध्यक्ष रामप्यारे साहू, तहसील संरक्षक पार्षद मनीष साहू , नगर उपाध्यक्ष कृष्णकांत साहू, नरेश साहू रजनी साहू ,तहसील युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष पार्षद देवव्रत साहू, नगर सचिव पार्षद उत्तम साहू नगर युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष पार्षद डुमेश साहू, नगर



कोषाध्यक्ष बिसौहाराम साहू, सलाहकार पूर्व मंडी उपाध्यक्ष प्रमोद साहू, टेकराम साहू, बसंती साहू, देवनतिन साहू, भानमति साहू, सावित्री साहू, रुखमणी साहू शोभायात्रा में शामिल रहे। मंदिर स्थापना के शुभ अवसर पर



अवनेन्द्र साहू, अध्यक्ष जिला साहू समाज धमतरी, शारदा साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत कुरूद, लक्ष्मीकांता साहू उपस्थित रहे।

# सड़क हादसे में बैंक मैनेजर की मौत, पत्नी-बच्ची सहित चार घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

वीकेण्ड में अपने घर लौट रहे बैंक मैनेजर की कार श्यामतराई बायपास तिराहा के पास अनियंत्रित होकर गड्ढे में गिर गई। इस घटना में कार चला रहे बैंक मैनेजर की मौत हो गई है। वहीं कार में सवार पांच में चार लोग घायल हो गए है।

शुक्रवार की देर रात्रि श्यामतराई बायपास तिराहा के पास दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। जिसमें आकाश पटनायक पिता सनत पटनायक उम्र 34 वर्ष मूल निवासी कृष्ण गार्डन सेजवन थाना खंडाल गिरी जिला खुरदा उड़ीसा निवासी नेहर नगर भिलाई स्थित एक्सिस बैंक में मैनेजर था। जिसका सप्ताह भर पहले प्रमोशन हुआ था। वीकेंड में दो



दिन का अवकाश मिलने पर आकाश अपनी पदोन्नति खुशी को परिवार के साथ मनाने के लिए शुक्रवार की रात्रि अपनी पत्नी जाली पटनायक व बेटी अशिमा पटनायक सहित बैंक के तीन स्टाफ के साथ कोरापुट उड़ीसा जाने के लिए कार क्रमांक ओडी 02 सीसी 1695 से भिलाई से निकले थे। कार में बैंक स्टाफ बापन साहू, आशीष साहू व विवेक सहित कुल 6 लोग सवार थे। शुक्रवार की देररात्रि कार गुंडरदेही होते धमतरी पहुंची।

## खबर संक्षेप



### बागबाहरा में अक्षय तृतीया पर मट्ठा वितरित

**बागबाहरा।** अक्षय तृतीया के पावन पर्व व भगवान परशुराम की जयंती पर सर्व ब्राह्मण समाज के युवाओं ने मुख्य मार्ग रेलवे स्टेशन चौक पर दोपहर 12 से आम नागरिकों और राहगीरों को मट्ठा पिलाया गया। कार्यक्रम में सर्व ब्राह्मण समाज बागबाहरा के रूपेश तिवारी, धर्मेश शुक्ला, गौरव डीगू मिश्रा, सोमन पांडे, प्रेम दुबे, पंकज शर्मा, अमित शुक्ला, राकेश शर्मा, अनिमेष शर्मा, केके शर्मा, संजय मालवे, धनंजय शर्मा, नितिन व्यास, इशु भाई का सहयोग रहा।

### आत्मानंद में प्रवेश के लिए लॉटरी 14 को

**सरायपाली।** स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में शिक्षा सत्र 2024-25 के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 10 मई थी। प्रवेश के लिए लॉटरी 14 मई को विद्यालय में प्रातः 8 बजे से प्रारम्भ की जाएगी। प्राचार्य मनोज कुमार पटेल ने बताया कि प्रवेश के लिए अंतिम तिथि के पश्चात कक्षा 1 से 12 तक की कक्षाओं में रिक्त सीटों के विरुद्ध 358 आवेदन प्राप्त हुए हैं। प्राप्त आवेदनों की स्क्रूटनी के पश्चात पात्र-अपात्र अभ्यर्थियों की सूची विद्यालय के सूचना पटल पर चस्पा कर दिया गया है, जिसका अवलोकन विद्यालयीन समय में किया जा सकता है। प्रवेश के लिए लॉटरी प्रक्रिया 14 मई को की जाएगी जिसके लिए प्रभारी अधिकारी-विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी प्रकाश चंद्र मांझी, समन्वयक - विद्यालय के प्राचार्य मनोज कुमार पटेल, सदस्य- संकुल समन्वयक कामता पटेल, शासकीय सेवक पालक सदस्य- चम्पालाल डडसेना एवं अजय प्रधान, विद्यालय शिक्षक सदस्य हरीश चौधरी एवं गजानन प्रधान होंगे।

### विद्युत केंद्र से एक लाख का सामान पार

**रायपुर।** सिलयारी विद्युत केंद्र में चोरी हो गई। अज्ञात चोर 4 मई की रात में विद्युत केंद्र में प्रवेश कर ट्रांसफार्मर, ऑयल सहित अन्य बिजली के सामान चोरी कर ले गए। चोरी गए सामान की कुल कीमत 1 लाख 15 हजार रुपए आंकी गई है। घटना की रिपोर्ट विद्युत केंद्र के धीरेंद्र कुमार सिंह ने धरसींवा थाने में दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले में अज्ञात चोरों के विरुद्ध धारा 379 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### सूने मकान में धावा 80 हजार की चोरी

**रायपुर।** कौशल्या माता विहार सेक्टर-2 में एक सूने मकान में चोरी हो गई। घटना की रिपोर्ट प्रार्थी हेमंत निर्मलकर ने टिकरापारा थाने में दर्ज कराई है। घटना 7 मई की शाम से 9 मई की रात 8 बजे के दरमियान की है। इस दौरान प्रार्थी का पूरा परिवार बाहर गया था। घर में ताला लगा हुआ था। परिवार वापस लौटा तो घर के मुख्य दरवाजे का ताला टूटा पाया। अंदर जाकर देखा तो आलमारी से नकदी 20 हजार रुपए एवं लगभग 60 हजार रुपए कीमत के सोने-चांदी के जेवरात गायब थे।

### जबरन घर में प्रवेश, सो रहे व्यक्ति पर हमला

**रायपुर।** डीडीनगर पुलिस ने सोते हुए व्यक्ति पर हमला करने के मामले में अपराध पंजीबद्ध किया है। प्रार्थिया सुमन चेलक ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 9 मई को दोपहर में उसके पिता घर में सो रहे थे। इसी दौरान एक अज्ञात व्यक्ति उसके घर में जबरन प्रवेश किया और उसके पिता पर किसी धारदार हथियार से हमला कर दिया।

### शराब के लिए पैसे नहीं दिए तो पीटा, 2 पर केस दर्ज

**रायपुर।** शराब खरीदने के लिए पैसे नहीं देने की बात पर मारपीट करने वाले दो लोगों के विरुद्ध सरस्वती नगर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। प्रार्थी सोहन वर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 9 मई की रात करीब साढ़े आठ बजे गांधी नगर पंडरी में आरोपी हसन खान और आसिफ खान ने उससे शराब पीने के लिए पैसे मांगे।

# पेयजल संकट को देखते हुए विधायक ने की निदान की पहल

**सरायपाली।** क्षेत्र में पेयजल के संकट को देखते हुए अब विधायक स्वयं उसके निदान के लिए सामने आ गई हैं। उन्होंने एक अनुकरणीय पहल करते हुए ग्राम गम्हारडीह, दिवानपाली और चनाट में अपने निजी मद से अपने ससुर स्व. रामलाल नंद की स्मृति में पानी टैंकर प्रदान किया है। टैंकर वितरण के दौरान विधायक की सास गंगा बाई नंद, विधायक पति डिग्रीलाल नंद विशेष रूप से मौजूद रहे।

इस संबंध में विधायक श्रीमती नंद ने बताया कि सरायपाली क्षेत्र के 50 से अधिक गांवों में पानी की भारी समस्या है, जिसके निदान के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में उन्होंने अपने स्वयं के निधि से उनके ससुर की स्मृति में 3 पानी टैंकर ग्राम पंचायतों को दान किए हैं, जिनका उपयोग आसपास के गांवों में पेयजल उपलब्ध कराने के लिए किया जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य शुष्क क्षेत्रों के सभी गांवों में पेयजल समस्या के निदान के लिए पानी टैंकर उपलब्ध कराना है। ज्ञात हो कि सरायपाली क्षेत्र के दर्जनों गांवों में पानी की भीषण समस्या है। जल स्तर इतना नीचे गिर चुका है कि 1000 फीट नीचे भी पानी नहीं है। गर्मी के दिनों में पानी की समस्या अधिक बढ़ जाती है। पेयजल संकट को दूर करने विधायक के इस पहल से ग्रामीणों में हर्ष है।



टैंकर वितरण के दौरान ग्राम पंचायत गम्हारडीह के सरपंच प्रतिनिधि शिवानंद, जनपद सदस्य प्रतिनिधि क्षमानिधि साहू, दिवानपाली सरपंच प्रतिनिधि अशोक मिरी, चनाट सरपंच प्रतिनिधि रमेश पटेल, जिला कांग्रेस कमेटी के सदस्य तन्मय पंडा, पार्षद सुरेश भोई, युवा कांग्रेस शहर अध्यक्ष भरत मेश्राम, पद्मलोचन पटेल, करण पटेल, जयंत यादव, नरेश प्रधान, महेश चौधरी, भगवानू, कुंडा नायक, महादेव भोई, सौकीलाल बाघ, जन्मो नायक सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।



### ब्राह्मण समाज ने मनाया भगवान परशुराम का जन्मोत्सव

**बसना।** नगर में भगवान परशुराम जन्मोत्सव मनाया गया। 10 मई शुक्रवार को प्रातः 9 बजे ब्राह्मण समाज बसना द्वारा हरिलक्ष्मी विप्रभवन बसना में पं. जयकृष्ण मिश्रा, पं. फकीरदास, पं. विष्णु महापात्र द्वारा इष्टदेव परशुराम, वेदमाता गायत्री एवं जगन्नाथ की पूजा अर्चना कर पुष्प अर्पित किया गया। उपस्थित विप्रजनों ने परशुराम की आरती कर परशुराम प्रकटोत्सव मनाया। पंडित जय कृष्णा मिश्रा द्वारा उपस्थित सभी विप्रजनों का तिलक चंदन किया गया। कार्यक्रम में किशोर चांद, मदन दास, आनंद बिलास दास, उपेंद्र देवता, संकर्षण मिश्रा, तरुण दास, प्रभाकर मिश्रा, अयोधया प्रसाद मिश्रा, आनंद कुमार दास, हेमसागर मिश्रा, क्षीरोद्र पुरोहित, छबिमन्यु षड़ंगी, बसंत देवता, नीरज दास, अनंत देवता उपस्थित रहे। भगवान परशुराम का जय घोष के पश्चात प्रसाद वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया गया। विदित हो कि भगवान परशुराम विष्णु का 6वां अवतार हैं, जो की चिरंजीवी है और ब्राह्मणों के पूर्वज है। ब्राह्मण, परशुराम को इष्ट देव के रूप में पूजते है। अंत में ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष हेमंत दास ने आभार प्रदर्शन किया। यह जानकारी बसंत देवता (सहसचिव) ने दी है।

## राजधानी रायपुर में गिने-चुने खेल मैदान ही बचे

# खेल मैदान में मेला, खिलाड़ियों ने प्रदर्शन कर जताया विरोध

- महापौर एजाज ढेबर ने भी खिलाड़ियों की शिकायत पर खेल मैदान को मेला के आयोजन के लिए देने पर कड़ी आपत्ति जताई
- डायोसिस ऑफ छत्तीसगढ़, सीएनआई एवं ट्रस्टी यूसीएनआईटीए सचिव नितिन लॉरेंस को पत्र भी लिखा है और जवाब मांगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

शहर का आकाशवाणी स्थित गॉस मेमोरियल मैदान पूरी तरह से व्यवसायिक बन गया है। इसके कारण यहां खेल से ज्यादा मेला सहित अन्य व्यावसायिक आयोजन होते हैं। हाल ही में इस ग्राउंड को एक महीने के लिए मेला आयोजन के लिए दिया गया है, जिसकी तैयारियां भी मैदान में की जा रही हैं। इसके विरोध में शुक्रवार को खिलाड़ियों ने मैदान में जाकर जमकर विरोध प्रदर्शन किया। इधर इस मामले में महापौर एजाज ढेबर ने भी खिलाड़ियों की शिकायत पर खेल मैदान को मेला के आयोजन के लिए देने पर कड़ी आपत्ति जताई है। उन्होंने इस संबंध में डायोसिस ऑफ छत्तीसगढ़, सीएनआई एवं ट्रस्टी यूसीएनआईटीए सचिव नितिन लॉरेंस को पत्र भी लिखा है और जवाब मांगा है कि आखिर किस आधार पर खेल मैदान को मेला आयोजन के लिए अनुमति दी गई है।

राजधानी रायपुर में गिने-चुने ही खेल मैदान बचे हैं। इन मैदानों को भी अब व्यावसायिक रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। मैदान की समितियां मैदानों के मेंटनेंस के नाम पर ज्यादा पैसे कमाने के लालच में इन मैदानों को मेला सहित विभिन्न व्यावसायिक आयोजन कराने की अनुमति दे रही हैं। महापौर एजाज ढेबर ने कहा कि गॉस मेमोरियल मैदान को वर्ष 2004 में सिर्फ खेल मैदान के रूप में आरक्षित किया गया था। उन्होंने बताया कि ओपी चौधरी ने रायपुर के कलेक्टर रहते हुए अपने कार्यकाल में खेल मैदानों को सिर्फ खेल के लिए आरक्षित करने निर्देश भी दिए थे। इसके बाद से खेल मैदानों में सिर्फ खेल के आयोजन होने लगे थे, लेकिन अब मैदान फिर व्यावसायिक आयोजन के लिए दिए जा रहे हैं।



### वर्ष 2022 में लीज की अवधि खत्म

एजाज ढेबर ने यह भी कहा कि वर्ष 2022 में गॉस मेमोरियल की लीज अवधि खत्म हो चुकी है। इसके बाद भी मैदान को मेला लगाने के लिए अनुमति दी गई है। उन्होंने कहा कि गॉस मेमोरियल सेंटर प्रबंधन का कहना है कि इसकी अनुमति समिति ने नहीं दी है, फिर अनुमति किसने दी है। इसे लेकर महापौर ने डायोसिस ऑफ छत्तीसगढ़ के सचिव नितिन लॉरेंस को पत्र लिखकर जानकारी मांगी है। उन्होंने मेला अनुमति को भी तत्काल निरस्त करने की मांग की है।

### बीटीआई ग्राउंड रावणभाठा मैदान भी बना व्यावसायिक

गॉस मेमोरियल के साथ अंतर्राज्यीय बसस्टैंड के पास रावणभाठा मैदान पर भी मेला लगा हुआ है, जबकि मेला लगने से पहले मैदान में खिलाड़ियों का मेला लगा रहता था। मेला का आयोजन होने के कारण हर दिन क्रिकेट, फुटबाल सहित अन्य खेल खेलने वाले खिलाड़ियों ने मैदान आना छोड़ दिया है। इस मैदान में युवा के साथ बच्चे, बड़े व बुजुर्ग भी सैकड़ों की तादात में मॉर्निंग वॉक, व्यायाम एवं योग करने आते हैं। मेला लगने के कारण उन्हें भी परेशानी हो रही है। शंकरनगर स्थित बीटीआई ग्राउंड का उपयोग भी अब व्यावसायिक रूप से ज्यादा होने लगा है, जिसके कारण यहां भी अब खेल नहीं हो पाते।

# निरस्त कराएंगे आदतन बदमाशों की जमानत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



■ एसएसपी ने ली समीक्षा बैठक

जिले में कानून और शांति व्यवस्था बनाए रखने आदतन बदमाशों को पुनः जेल भेजा जाएगा। एसएसपी संतोष सिंह ने पुराने बदमाशों की जमानत निरस्त कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों को चेताया है कि अपराध, गुम इंसान, मर्ग समेत अन्य लंबित प्रकरणों का निपटारा प्राथमिकता के साथ पंद्रह दिन के भीतर की जाए। एसएसपी संतोष सिंह ने शुक्रवार को सिविल लाइंस स्थित सी-4 भवन के सभाकक्ष में राजपत्रित अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने निर्देशित किया कि जिले में विजिबल पुलिसिंग नजर आनी चाहिए। इसके साथ ही असामाजिक तत्वों, निगरानी गुंडे-बदमाशों और पुराने अपराधियों की गतिविधियों पर निगाह रखने विशेष अभियान चलाया जाना चाहिए। लंबित प्रकरण जो काफी पुराने हैं, उनका निराकरण पंद्रह दिवस के भीतर किया जाए। उन्होंने महिला/बच्चों से संबंधित अपराधों की रोकथाम और इन मामलों से संबंधित आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने को कहा। धोखाधड़ी सहित अन्य संपत्ति संबंधी मामलों में थाना प्रभारियों को आरोपियों की पतासाजी करने एवं गंभीर मामलों की विवेचना स्वयं थाना प्रभारियों को करने के निर्देश दिए।

### नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान

निजात अभियान के तहत नशे के पदार्थों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने तथा किसी भी सूरत में नशे का सामान नहीं बिकने देने की हिदायत दी। नशे का कारोबार करने वाले गिरोह की अंतिम सप्लाई चेन तक पुलिस टीम को पहुंचने पर जोर दिया गया। अभियान के तहत पुलिस कर्मियों को अधिक से अधिक आमजनों से जुड़कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

***शांतिपूर्ण चुनाव, जवानों को प्रशंसा पत्र:*** *एसएसपी ने शुक्रवार सुबह पुलिस लाइंस मैदान में जवानों की परेड ली। इस दौरान उन्होंने लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से निपटाने के लिए जवानों एवं अधिकारियों को बधाई दी। उन्होंने इस दौरान अधिकारियों को डीओ लेटर और जवानों को प्रशंसा पत्र भी*

# मिट्टी से भरी ट्रैक्टर-ट्राली कार पर पलटी, दो घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

सेजबहार क्षेत्र में मुजगहन नाला के पास मिट्टी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर एक कार पर पलट गई, जिससे कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। कार में छत्तीसगढ़ संयुक्त किसान मोर्चा के सदस्य वेगेंद्र कुमार सोनबेर और उनकी मां ईश्वरी सवार थे। इस घटना में दोनों को चोटें आई हैं, इनमें ईश्वरी सोनबेर को गंभीर चोटें आने के कारण अस्पताल में दाखिल कराया गया है।

छत्तीसगढ़ संयुक्त किसान मोर्चा के सदस्य वेगेंद्र सोनबेर ने बताया कि शुक्रवार को वह अपनी मां के साथ कार से सेजबहार के आगे सोनपैरी स्थित फार्म हाउस जा रहे थे। सुबह करीब 10 बजे जैसे ही उनकी कार मुजगहन रोड में नाले के पुल के पास पहुंची, तभी विपरीत दिशा से तेज गति से ट्रैक्टर-ट्राली आ रही थी, उसमें मिट्टी भरी हुई थी। ट्रैक्टर को देखकर वे अपनी गाड़ी सड़क के किनारे लगा लिए। इसके बाद भी ट्रैक्टर चालक ने पुल पर चढ़ते समय गाड़ी को अनियंत्रित कर पलटा दिया। इससे ट्रैक्टर की ट्रॉली और उसमें भरी मिट्टी कार पर आ गिरी, जिससे कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। इस घटना में उन्हें कम चोटें आई हैं, लेकिन उनकी मां को गंभीर चोटें लगी हैं और उन्हें अस्पताल में दाखिल कराया गया है। इधर पुलिस ने घटना की रिपोर्ट के बाद ट्रैक्टर चालक को गिरफ्तार कर लिया है। उसके विरुद्ध धारा 279, 337 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। वेगेंद्र सोनबेर ने बताया कि घटना के समय ट्रैक्टर चालक नशे में था, जिसके कारण वह ट्रैक्टर पर नियंत्रण नहीं रख पाया और दुर्घटना हो गई।




# प्रदेश के मंत्री, सांसद, विधायक अब ओडिशा-झारखंड में करेंगे चुनाव प्रचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में चुनाव होने के बाद अब भाजपा के राष्ट्रीय संगठन के निर्देश पर प्रदेश के भाजपा नेताओं को ओडिशा और झारखंड भेजा जा रहे हैं। ये नेता वहां पर प्रचार करने का काम करेंगे। कई नेता चले गए हैं और कई नेता आने वाले समय में जाएंगे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी लगातार दोनों राज्यों में सभाएं ले रहे हैं। भाजपा प्रवासी कार्यकर्ता समन्वय समिति के प्रदेश संयोजक अजय शुक्ला ने बताया ओडिशा में चुनाव प्रचार के लिए उपमुख्यमंत्री अरुण साव प्रदेश के मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, केदार कश्यप, ओपी चौधरी व टंकराम वर्मा, सांसद सुनील सोनी, देवेंद्र प्रताप सिंह, संतोष पांडेय, चुन्नीलाल साहू, पूर्व विधायक प्रेमप्रकाश पांडेय, विधायक राजेश मूणत, नीलकंठ टेकाम, विनायक गोयल, योगेश्वर राजू सिन्हा, गुरु खुशवंत साहेब, संपत अग्रवाल, पूर्व विधायकगण शिवरतन शर्मा, त्रिलोचन पटेल व पिंकी शिवराज शाह, पूर्व सांसद दिनेश कश्यप, व



चंदूलाल साहू, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सरला कोसरिया, प्रदेश मंत्री किशोर महानंद, रूपकुमारी चौधरी, महेश कश्यप, श्रीनिवास राव मद्दी, वेदवती कश्यप, मनीराम कश्यप, धनीराम बारसे, जगन्नाथ पाणिग्रही के नाम तय किए गए हैं।

### ये रहेंगे झारखंड में

इसी तरह से झारखंड में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल, लक्ष्मी राजवाड़े, रामविचार नेताम, विधायक भावना बोहरा, भूलनसिंह मरावी, राजेश अग्रवाल, उद्धेश्वरी पैंकरा, डोमनलाल कोरसेवाड़ा, दीपेश साहू, रोहित साहू, प्रमोद मिंज, सुशांत शुक्ला, राय मुनि भगत भाजपा पदाधिकारी भूपेन्द्र सवन्नी, सौरभ सिंह, संजय श्रीवास्तव, अनुराग सिंहदेव, ओमप्रकाश जायसवाल, कमलभान सिंह, भरतसिंह सिसौदिया, अनिल केशरवानी, बाबूलाल अग्रवाल सहित भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारी झारखंड में प्रचार करने का काम करेंगे।

# आत्मानंद विद्यालय का बोर्ड परीक्षा परिणाम रहा उत्कृष्ट

## 4 बच्चों ने 90 प्रतिशत से ज्यादा अंक हासिल कर हुए उत्तीर्ण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बसना

छग माशिमं ने सत्र 2023-24, 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया है। इस वर्ष भी स्वामी आत्मानंद विद्यालय बसना का बोर्ड परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। कक्षा 10वीं का 82 प्रतिशत और 12वीं का परीक्षा परिणाम 90 प्रतिशत रहा है। कक्षा 10वीं 49 विद्यार्थियों में से 26 विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान हासिल किया है।

इसमें तेजस्विनी साव 94, मोहाराज धराई 92, , आसना 91 एवं तस्मिया खान 91 प्रतिशत अंकों के विद्यालय में सर्वोच्च अंक हासिल किया है। कक्षा 12 वीं में प्रथम स्थान वर्षा बारिक 86, द्वितीय निधि अग्रवाल 78 एवं तृतीय पीतांबर साव 77 प्रतिशत हासिल किया। छात्रों की सफलता पर संकुल समन्वयक त्रिकांत बाघ, वारिश कुमार, विद्यालय के प्रधान पाठक हेमंत दास, हरिराम साव सहित शिक्षक-शिक्षिकाओं और पालकों ने हर्ष जताया।

# चैंबर का संविधान बदलने पर सुंदरानी ने खड़े किए सवाल, पारवानी बोले- सब प्रक्रिया के तहत हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स के संविधान में संशोधन को लेकर व्यापारी एकता पैनल के अध्यक्ष श्रीचंद सुंदरानी ने सवाल खड़ा किया है कि यह प्रक्रिया के तहत नहीं हुआ है। यह संशोधन अध्यक्ष ने अपने को लाभ पहुंचाने के लिए किया है। महज डेढ़ से दो सौ सदस्यों को बुलाकर विशेष सभा बुलाना ही सही नहीं है। इस मामले में अध्यक्ष अमर पारवानी का कहना है, सब कुछ प्रकिया के तहत किया गया है।

श्री सुंदरानी ने चैंबर अध्यक्ष को पत्र लिखते हुए आपत्ति की है कि चैंबर का संविधान संशोधन सही नहीं है। श्री सुंदरानी का कहना है, संविधान संशोधन का न तो सार्वजनिक प्रकाशन किया गया है और ना ही सूचना पत्र भेजा गया है, जिसमें संविधान संशोधन की बिन्दुवार जानकारी हो। श्री सुंदरानी ने पत्र में लिखा है, मेरा सीधा आरोप है ये संविधान का संशोधन आपने स्वयं के लिए किया है। जबकि मेरे कार्यकाल में यह संशोधन लाया गया था कि चैंबर के तीन महत्वपूर्ण पद जिसमें अध्यक्ष, महामंत्री एवं कोषाध्यक्ष, कोई भी व्यक्ति दो बार से अधिक पदाधिकारी नहीं रह सकता। हमारा उद्देश्य था कि नए लोगों को इन तीन महत्वपूर्ण पदों पर पदाधिकारी बनने का अवसर मिले।



### सब प्रकिया के तहत

चैंबर के अध्यक्ष अमर पारवानी ने हरिभूमि के पूछने पर बताया कि संविधान में संशोधन नियम के तहत की किया गया है। मेडिकल कॉलेज के सभागृह में हुई आमसभा में इसको पारित किया गया था, बाकी में विशेष आमसभा बुलाकर इसको जारी किया गया है। जो भी संशोधन किया गया है, चैंबर के संविधान की प्रक्रिया का पालन करते हुए नियमों से किया गया है। अब कोई भी अध्यक्ष का चुनाव कितनी भी बार लड़ सकते हैं, श्रीचंद सुंदरानी सहित पूर्व के सारे अध्यक्ष भी चुनाव लड़ने के पात्र हो गए हैं।



**खबर संक्षेप**



### अक्षय तृतीया पर रचाया गुड्डे-गुड्डियों का विवाह

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में अक्षय तृतीया पर छोटे-छोटे बच्चे ने मिट्टी के बने गुड्डे-गुड्डियों का विवाह रचाया। मंडप सजाकर चुलमाटी से लेकर तेल हल्दी नेंग और रिवाज के साथ धूमधाम से विवाह रचाया। बच्चों ने गुड्डा दूल्हा को सजाकर माथे पर सेहरा बांध कर बाजे के साथ बारात निकाली। जहां वधु पक्ष ने बारात का स्वागत किया गया। इस दौरान ज्योति चंद्राकर, कविता धीवर, गायत्री चंद्राकर, रेखा चंद्राकर, अरुण धीवर आदि मौजूद रहे।



### नगर में शरबत वितरण

**सरायपाली।** प्रतिवर्षानुसार इस बार भी ब्राह्मण समाज नवयुवक संघ द्वारा स्थानीय राम मंदिर के सामने राहगीरों को शरबत वितरण किया गया।

### बारहवीं में भूपेंद्र प्रथम, ममता रही द्वितीय

**नर्रा।** शासकीय कुलदीप निगम उमावि नर्रा में कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। कक्षा दसवीं में प्रथम स्थान नवनीत सेन पिता मोहन लाल 80.67 प्रतिशत, द्वितीय पूरब पिता केवल देवागंन 80.33 प्रतिशत रहे। इसी तरह कक्षा बारहवीं में प्रथम भूपेन्द्र पिता जीतराम पटेल 85.8 प्रतिशत, द्वितीय ममता पिता देवान निषाद 85% प्रतिशत रहे। विद्यार्थियों की सफलता पर प्राचार्य सुबोध कुमार तिवारी सहित स्कूल के शिक्षकों ने हर्ष जताया है।

## खेल स्पर्धा: डिस्ट्रिक्ट लाठी स्पोर्ट्स एसोसिएशन के 14 बच्चों ने 25 पदक जीते

# राष्ट्रीय स्तरीय लाठी स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में महासमुंद के खिलाड़ियों का रहा दबदबा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

थर्ड ऑल इंडिया लाठी स्पोर्ट्स चैंपियनशिप राष्ट्रीय स्तर का आयोजन गत 2-4 मई को गायत्री पैलेस दुर्ग में हुआ। इस टूर्नामेंट में देशभर से लगभग 300 बच्चों ने हिस्सा लिया। जिसमें छत्तीसगढ़, पांडिचेरी, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, दिल्ली आदि राज्यों के बच्चों ने हिस्सा लिया। टूर्नामेंट के मुख्य अतिथि समाज सेवी तेज राम अग्रवाल, लाठी संघ के प्रेसीडेंट अरविंदर सिंह खुराना, कोषाध्यक्ष प्रतीक अग्रवाल, जनरल सेक्रेटरी संदीप ताम्रकार रहे। छत्तीसगढ़ टीम में शामिल महासमुंद के डिस्ट्रिक्ट लाठी स्पोर्ट्स एसोसिएशन के 14 बच्चों ने शानदार प्रदर्शन कर 25 पदकों (जिसमें 14 स्वर्ण, 9 रजत एवं 2 कांस्य पदक) हासिल कर जिले का नाम रोशन किया। जिनमें आरूषा पटनायक (लाठी फाइट), विधि सिंग पूंज (लाठी डिमॉन्सट्रेशन, लाठी फाइट), गीत सिंह पूंज (लाठी फाइट, पट्टाबाजी), वेदिका साहू (लाठी फाइट), ज्योति ध्रुव (पट्टाबाजी), पलक देवांगन (लाठी डिमॉन्सट्रेशन,लाठी फाइट), नंदनी देवांगन (लाठी डिमॉन्सट्रेशन, लाठी फाइट), अक्षधा चंद्राकर (लाठी डिमॉन्सट्रेशन,लाठी फाइट,पट्टाबाजी), सात्विक वर्मा (लाठी डिमॉन्सट्रेशन, लाठी फाइट,पट्टाबाजी), कृष्णा पटेल (लाठी डिमॉन्सट्रेशन,लाठी फाइट), मोहम्मद दानिश (लाठी फाइट,पट्टाबाजी), वेंकटेश साहू (लाठी फाइट,पट्टाबाजी), मनोज कोमार्रा (लाठी डिमॉन्सट्रेशन, लाठी फाइट), अभ्युदय मानिकपुरी (लाठी फाइट) ने लाठी डिमॉन्सट्रेशन, लाठी फाइट, पट्टाबाजी जैसे इवेंट में भाग लिया। साथ ही में छत्तीसगढ़ के टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पूरे टूर्नामेंट में अपना नाम प्रथम स्थान पर अर्जित किया।।



टूर्नामेंट के साथ साथ वहा पर रफ़री और जज का सेमिनार तथा एग्जाम हुआ। जिसमें महासमुंद जिले से नंदनी देवांगन ने एग्जाम दिलाया। जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उत्तीर्ण हुई तथा महासमुंद जिले के सचिव अभय दास जी ने रैफरी का पद संभाल कर टूर्नामेंट में अपना योगदान दिया। डिस्ट्रिक्ट लाठी स्पोर्ट्स एसोसिएशन महासमुंद के अध्यक्ष संदीप चौधरी, सचिव अभय दास, आनंद कुमार वैष्णव तथा भोज विश्वकर्मा ने हर्ष जताया है।

# छात्र-छात्राओं के समग्र विकास के लिए लगा समर कैंप

### पीएमश्री विद्यालय में समर केम्प का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

पीएमश्री शाप्राशाला सिंघोडा में समर कैंप का शुभारंभ किया गया। बीआरसीसी के सतीस स्वरूप पटेल द्वारा फीता काटकर समर कैंप का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम माँ सरस्वती की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की गई। ग्रीष्मकालीन शिविर विद्यालयों में यह समर कैंप छात्र-छात्राओं के समग्र विकास के लिए आयोजित की जा रही है। इस समर कैंप के माध्यम से बच्चों मैं कल्पना शिलता, आत्मविश्वास, तार्किक सोच, श्रीजनशिलता अभिव्यक्ति जैसे कौशल, बालगीत, मौखीक भाषा विकास व एकाग्रता विकसीत करने वाले खेल, चित्रकारी, कागज व मिट्टी के खिलौने बनाना, कहानी निर्माण, रचनात्मक लेखन जैस रोचक गतिविधियों के माध्यम से समृद्ध करने का प्रयास पीएमश्री स्कूल के सिंघोडा के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम में शाला के प्रधान पाठक पूर्णिमा नाग, संकुल समन्वयक सच्चिदानंद भोई, शिक्षक गोपाल पटेल, शिक्षक चुड़ामणी स्वाई, खिरसागर चौहान, शीला विश्वास, कुवरमति भोई, ग्राम पंचायत सिंघोड़ा के सरपंच प्रतिनिधि अशोक मिरी एवं समस्त पालकगण, ग्रामीणजन व माताएं उपस्थित रहे।

# भाजपा को अब शिक्षाविदों और साधु संतों के नाम पर भी आपत्ति : विनोद

### स्वामी आत्मानंद स्कूलों के 28 बच्चे टॉप टेन सूची में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पूर्व संसदीय सचिव विनोद सेवन लाल चंद्राकर ने कहा कि भाजपा को छत्तीसगढ़ की अस्मिता व छत्तीसगढ़ के विकास में योगदान देने वाले शिक्षाविदों तथा साधु संतों के नाम पर भी आपत्ति होने लगी है। इसलिए महान समाज सेवक व संत स्वामी आत्मानंद के नाम पर रखे गए स्कूलों का नाम पीएमश्री करना चाहती है। उन्होंने कहा है कि आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल व कॉलेज जहां पर हर वर्ग के छात्र-छात्राओं को उच्च स्तरीय निःशुल्क शिक्षा का प्रावधान पूर्ववर्ती कांग्रेस की छत्तीसगढ़ सरकार ने किया है, उसका नाम बदलने की कवायद मौजूदा भाजपा की सरकार कर रही है। चंद्राकर ने कहा कि स्वामी आत्मानंद की जीवनी में लिखा है कि वे आईएएस (तत्कालीन आईसीएस) के लिए चयनित हुए थे, पर जनसेवा के लिए उन्होंने संन्यास का रास्ता चुना। उनके ज्ञान की वजह से दुनिया भर में उन्हें प्रवचन देने के लिए बुलाया जाता था। छत्तीसगढ़ में हमेशा उन्हें गौरव के रूप से देखा जाता रहा है।



इसीलिए जब वंचित वर्ग के बच्चों के लिए कांग्रेस की सरकार ने अंग्रेजी माध्यम के स्कूल खोलने का निर्णय लिया तो योजना को स्वामी आत्मानंद के नाम पर रखने का फैसला किया गया। उन्होंने कहा कि अगर भाजपा की सरकार सिर्फ इसलिए स्वामी आत्मानंद योजना का नाम बदलना चाहती है क्योंकि, यह कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में शुरु हुई योजना है, तो यह एक आध्यात्मिक विद्वान व्यक्तित्व के बारे में भाजपा के नेताओं की सोच को दर्शाता है। चंद्राकर ने कहा कि स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय योजना 1 नवंबर 2020 को शुरू की गई थी। इस योजना का उद्देश्य समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के प्रतिभाशाली छात्रों को समान अवसर प्रदान करना है। वर्तमान में 750 से ज्यादा स्कूल शुरू किए गए हैं, जिनमें पुस्तकालय, अत्याधुनिक कंप्यूटर लैब, विज्ञान प्रयोगशाला जैसे अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे और शिक्षकों और स्कूल प्रमुखों की एक उच्च प्रशिक्षित टीम है। इन सुविधाओं के साथ गरीब बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान किया जा रहा है। इसी के परिणामस्वरूप 10वीं तथा 12 वीं बोर्ड में 28 बच्चों ने टॉप किया है। 12वीं में 7 बच्चे टॉप 10 में, जबकि 10वीं में 21 बच्चे टॉप 10 में स्वामी आत्मानंद स्कूलों से हैं। यानी कुल 79 टॉपर्स में से 28 बच्चे स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूलों से हैं।

# स्वामी आत्मानंद छत्तीसगढ़ का गौरव : अंकित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कांग्रेस नेता अंकित बागबाहरा ने

**भाजपा को अब संतों व धार्मिक व्यक्तियों के नाम से समस्या होने लगी, उनका नाम हटाकर पछताएगी भाजपा**

कहा कि छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल के निकले 10वीं और 12वीं के रिजल्ट में स्वामी आत्मानंद स्कूल के बच्चों के प्रदर्शन ने कांग्रेस की भूपेश बघेल के नेतृत्ववाली सरकार की सोच को प्रमाणित कर दिया कि किस प्रकार सरकारी स्कूलों का स्तर भी सुधारा जा सकता है। जबकि, आज साय सरकार इस योजना का नाम बदल कर पीएमश्री करने की योजना बना रही है, जो कि दुर्भाग्यजनक है। स्वामी आत्मानंद छत्तीसगढ़ के एक विश्वविख्यात संत और आध्यात्मिक व्यक्ति थे। उनके नाम पर चल रही योजना का नाम बदलने से पता चलता है कि अब भाजपा को संतों और धार्मिक व्यक्तियों से भी दिक्कत होने लगी है।



अंकित ने बताया कि स्वामी विवेकानंद का रायपुर से नाता रहा है और इसीलिए स्वामी आत्मानंद ने छत्तीसगढ़ में रामकृष्ण परमहंस और स्वामी विवेकानंद भावधारा का प्रचार प्रसार करने का फ़ैसला किया था। समाजसेवा को उन्होंने सर्वोच्च प्राथमिकता दी थी। एक समय छत्तीसगढ़ में भीषण सूखा पड़ा था, तब उन्होंने मंदिर निर्माण के लिए एकत्रित दानराशि को सूखा राहत कार्यों में लगाने का फ़ैसला किया था। वे जीवनपर्यंत स्वामी विवेकानंद के दरिद्र नारायण की अवधारणा का पालन करते रहे। उनकी जीवनी में लिखा है कि वे आईएएस (तत्कालीन आईसीएस) के लिए चयनित हो गए थे, पर जनसेवा के लिए उन्होंने संन्यास का रास्ता चुना। उनके ज्ञान की वजह से दुनियाभर में उन्हें प्रवचन देने के लिए बुलाया जाता था। अगर भाजपा की सरकार सिर्फ़ इसलिए स्वामी आत्मानंद योजना का नाम बदलना चाहती है। क्योंकि, यह कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में शुरु हुई योजना है तो यह एक आध्यात्मिक विद्वान व्यक्तित्व के बारे में भाजपा के नेताओं की सोच को दर्शाता है। भले ही नाम बदलने की राजनीति भाजपा की विरासत में है, पर स्वामी आत्मानंद के नाम पर बनी योजना का नाम बदलने से पहले उन्हें विचार कर लेना चाहिए कि इस निर्णय से छत्तीसगढ़ की जनता की भावना किस तरह आहत होगी और भाजपा को बाद में पछताना होगा।

अंकित ने बताया कि ये भी पता चला है कि वर्तमान भाजपा सरकार स्वामी आत्मानंद योजना का नाम बदलकर पीएम योजना करना चाह रही है। और इसके लिए दबावपूर्वक सरपंचों व नगरीय क्षेत्र की निर्वाचित समितियों से प्रस्ताव मंगवाया जा रहा है, जिसका हर स्तर पर विरोध किया जाएगा।

**बिजनेस साईट**

### शुभा नर्सिंग होम में पैरामेडिकल कोर्स की शुरुआत



**सरायपाली।** स्थानीय शुभा नर्सिंग होम नए जगह में एक पूर्ण होने पर 7 मई को प्रथम वर्षगांठ मनाया गया। साथ ही शुभा पैरामेडिकल एंड एलाइड हेल्थ इंस्टीट्यूट का शुभारंभ पूर्णेंदु सक्सेना राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मध्य क्षेत्र के क्षेत्र संघ चालक एवं वीवाय अस्पताल रायपुर के संचालक द्वारा किया। इस अवसर पर नागरिक, स्वयंसेवक संघ के सदस्य, शुभा नर्सिंग होम के सभी कर्मचारीगण उपस्थित थे। शुभा नर्सिंग होम के संचालिका डॉ. सुजाता पटेल का जन्मदिन भी मनाया गया। आभार प्रदर्शन शुभा नर्सिंग होम के अध्यक्ष डॉ. भागेश्वर पटेल ने किया।

### पेट दर्द से परेशान था मरीज, चिकित्सकों ने आपरेशन कर निकाला 3.5 किलो का ट्यूमर

**महासमुंद।** महासमुंद के बरोंडा चौक स्थित जैन नर्सिंग होम में गुर्दा किडनी रोग के मरीजों के लिए मेडिकल एवं सर्जिकल दोनों प्रकार का इलाज विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा नवीन सुविधाओं के साथ प्रारंभ किया गया है। विगत दिनों किडनी (गुर्दा) के ट्यूमर का जटिल ऑपरेशन सफलतापूर्वक कर वर्षों से कष्ट झेल रहे मरीज को राहत पहुंचाई गई। जैन नर्सिंग होम के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. स्मित चोपड़ा ने बताया कि कि वर्षों से पेट दर्द की बीमारी से पीड़ित मरीज इलाज के लिए अनेक अस्पतालों में भटकता रहा, परंतु, उसे राहत नहीं मिली। जैन नर्सिंग होम में डॉ. स्मित चोपड़ा द्वारा विस्तृत जांच करने पर पता चला कि मरीज की बायीं किडनी में बड़ा ट्यूमर है, जिसका वजन लगभग 3 किलो होगा। मरीज की संपूर्ण जांच के पश्चात मूत्र रोग सर्जन (यूरोलॉजिस्ट) डॉ. राजेश अग्रवाल के साथ निश्चेतना रोग विशेषज्ञ डॉ. मनीष केसरवानी एवं पांच अन्य लोगों की टीम ने सफलतापूर्वक मरीज का ऑपरेशन कर बड़ा सा ट्यूमर बायीं किडनी से निकला, जिसका वजन 3.5 किलोग्राम था। मरीज को होश आने पर उसने पेट दर्द की शिकायत से आराम बताया।



# गांवों में रचाई गई गड्डे-गुड़ियों की शादी



**तेंदूकोना।** क्षेत्र में अक्षय तृतीया का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दिन गांव-गांव में गुड्डा-गुड़िया की शादी रचाई गई। शादी में ग्रामीणों ने घराती व बाराती बनकर रस्म अदा की। इसी तरह तेंदूकोना के बाजारपारा व बस्तीपारा में गुड्डा गुड़िया का विवाह पूरे धार्मिक रीति रिवाज से मंडप के नीचे हुआ। इस दौरान बच्चों के साथ साथ बड़ों ने भी कार्यक्रम में उत्साह के साथ भाग लिया। गुड्डा को दूल्हा व गुड़िया को दुल्हन की तरह सजाया गया था। सुबह चुलमाटी के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई। दोपहर में संगीत तथा शाम को आतिशबाजी कर गाजे बाजे के साथ बारात निकाली गई। रात्रि में घराती व बारातियों के भोजन पश्चात कार्यक्रम का समापन किया गया। इस दौरान अधिक संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# आत्मानंद विद्यालय का परीक्षा परिणाम रहा उत्कृष्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली




छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सरायपाली के विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। परीक्षा प्रभारी नरेश पटेल एवं प्रवीण तिवारी ने बताया कि कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम 98.30 प्रतिशत, 12वीं विज्ञान समूह का 95.55 प्रतिशत एवं 12 वीं कॉमर्स का 100 प्रतिशत रहा। कक्षा 10वीं में भारती पटेल ने 95.67 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया, द्वितीय सिद्धि गर्ग 94.33 एवं तृतीय तमन्ना पटेल 93.83 प्रतिशत प्राप्त किया। कक्षा 12वीं विज्ञान समूह में निहारिका मिर्धा 83.80 प्रतिशत के साथ प्रथम, पूजा पटेल 82.00 प्रतिशत के साथ द्वितीय एवं चांदनी साहू ने 80.80 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार 12वीं कॉमर्स में चंदन साहू 80.80 प्रतिशत के साथ प्रथम, मिहिर अग्रवाल 78.40 प्रतिशत के साथ द्वितीय एवं निलेश पटेल 77.00 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 10वीं में 59 विद्यार्थियों में से 48, कक्षा 12वीं विज्ञान समूह में 45 विद्यार्थियों में से 29 एवं 12वीं कॉमर्स में 20 में से 16 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी प्राप्त किया है। विद्यालय के प्राचार्य मनोज कुमार पटेल ने विद्यार्थियों की सफलता पर हर्ष जताया। विद्यार्थियों की सफलता पर विद्यालय के शिक्षक लता साहू, महेश नायक, प्रदीप नारायण सेठ, मीना एस प्रकाश, नरेश पटेल, जालंधर वर्गे, सुब्रत प्रधान, रेखा पुरोहित, प्रवीण तिवारी, दिनेश कर, लक्ष्मी चौधरी, उमा नायक, हरीश चौधरी, ज्योति सलूजा, शिवेंद्र सिंह, मौसमी माथुर, मंजिला चौधरी, हिमाद्री प्रधान, नेहा दास, गुलाब चौहान, साकेत रजवाड़े एवं समस्त स्टॉफ ने हर्ष जताया है।

# 4 जून को फिर बनेगी सशक्त, सक्षम व दृढ़ इच्छा शक्ति वाली भाजपा की सरकार: चंद्रहास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- छग की सभी 11 सीटों पर होगी भाजपा की जीत

पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष व लोस चुनाव के महासमुंद विधानसभा संयोजक तथा आरंग विधानसभा प्रभारी चंद्रहास चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ के समस्त 11 संसदीय सीटों पर भाजपा की पूर्ण बहुमत से जीत होने वाली है, जो भाजपा के 400 पार के लक्ष्य को परिणाम में बदलने सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि छग की जनता सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के लिए भाजपा की सरकार चाहती है। इसलिए प्रदेश के सभी 11 सीटों पर जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी पर भरोसा करते हुए तथा मुख्यमंत्री विष्णुदेव की सुशासन पर विश्वास जताते हुए भाजपा के पक्ष में मतदान किया है।



पूर्व जिलाध्यक्ष ने कहा कि छत्तीसगढ़ के सभी संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में सम्पन्न तीनों चरणों के मतदान के रूझान से यह स्पष्ट हो गया है कि प्रदेश में भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूर्ण उत्साह और समर्पण के साथ भाजपा के पक्ष में अभूतपूर्व जनसमर्थन जुटाया और भाजपा की ऐतिहासिक जीत की पटकथा लिखी है। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीटों पर भाजपा प्रचंड मतों से विजयी होगी। नक्सलवाद, भ्रष्टाचार, कांग्रेस के छलावों, झूठ और दंभपूर्ण अमर्यादित टिप्पणियों से स्तब्ध छत्तीसगढ़ की जनता ने छत्तीसगढ़ को कांग्रेसमुक्त राज्य बनाने के अभियान पर पक्की मुहर लगाई है।






**श्री लखनलाल जलक्षत्री**

जन्मतिथि 8-11-1954/स्वर्गवास 06-05-2024

शोकाकुल परिवार : तुलसीराम अश्वनी कुबेर रुद्र मारूती एवं समस्त जलक्षत्री परिवार

## आज दशगात्र

अत्यंत दुखः के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे पिता **श्री लखन लाल जलक्षत्री** सेवानिवृत लाइनमेन का आकस्मिक निधन दिनांक 6-5-2024 दिन सोमवार को हो गया है। जिसका कार्यक्रम निम्नानुसार है। अतः आप सपरिवार पधार कर दिवागंत आत्मा को श्रद्धाजंलि अर्पित कर हमें अनुग्रहित करे।

**दशगात्र**
12-05-2024 दिन रविवार
स्थान ग्राम गांजर बागबाहरा
नोट : तालाब कार्यक्रम समय 11.00 बजे

-विनीत-
संतोष कुमार जलक्षत्री (पुत्र)
जगन्नाथ जलक्षत्री (पुत्र)
ग्राम गांजर मुंगासेर मो. 8120404080

नोंट : मित्र रिश्तेदार समाजिक जिनको आमंत्रण नही मिला है वे इसे ही आमंत्रण स्वीकार करे।